North Central Railway

Office of the
Div. Rly. Manager(P)
North Central Railway/Prayagraj

No.-561-E-OPTG/Rng/GTM/2024
Dated:- 12 .06.2024

Sr.DFM/EDPM
N.C.Rly., PRYJ

Sub:- Publicity of 15% LDCE Quota selection for the post of goods Train Manager, Level–5.

*****************

Notification has been issued vide this office letter No. 561-E-OPTG/Rng/GTM/TQ-15%/2024 dated 16.05.2024 (Copy enclosed) for selection of Goods Train Manager, Level–5, 15% LDCE Quota.

In view of the above you are requested to please public the above notification in NCR web site for its better publicity.

12/6/2024
(Nitin Singh)
Assistant Personnel Office/T.
North Central Railway/Prayagraj

# उत्तर मध्य रेलवे

561 E-Optg/Rng/GTM/TQ-15%/2024

नांक 16.05.2024

कार्यालय
मंडल रेल प्रबंधक/कार्मिक
उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज

**समस्त वरिष्ठ अधीनस्थ परिचालन एवं वाणिज्य विभाग**

**उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मंडल**

विषय :- **15% सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा (एलडीसीई) गुड्स ट्रेन मैनेजर , ग्रेड पे - 2800 (लेवल-5) के पद हेतु चयन के सम्बन्ध में।**

**********************************

रेलवे बोर्ड के पत्र **E (NG )I-2014/PM1/1-CC Dated.22.05.2014** और **E (NG )II-2013/RR-1/8 Dated. 18.03.2015** के अंतर्गत प्राप्त निहित निर्देशानुसार गुड्स मैनेजर , ग्रेड पे - 2800 (लेवल-5) की 15% रिक्तियों हेतु सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा (एलडीसीई) द्वारा चयन प्रस्तावित है।

**(अ) रिक्तियों की संख्या -**

| सामान्य | एससी | एसटी | कुल रिक्तियाँ |
|---|---|---|---|
| 151 | 29 | 12 | 192 |

**(ब) पात्रता की शर्ते** –परिचालन एवं वाणिज्य विभाग के ग्रुप 'सी' एवं 'डी' ( मिनिस्टीरियल संवर्ग को छोड़कर ) के पे मैट्रिक्स लेवल 01 से 04 तक के कर्मचारी सम्मिलित हो सकते है बशर्ते -

| | |
|---|---|
| (i) | वेतनमान 5200-20200 ग्रेडपे 2800-/(लेवल-5) से नीचे वेतनमान में 03 वर्ष की नियमित सेवा होनी चाहिये। |
| (ii) | अधिसूचना जारी होने की तिथि तक सामान्य वर्ग के कर्मचारियों के लिए 40 वर्ष एवं एससी/एसटी वर्ग के कर्मचारियों के लिए 45 वर्ष से अधिक न हो। |
| (iii) | अधिसूचना जारी होने की तिथि तक शैक्षिणिक योग्यता स्नातक उत्तीर्ण हो। |
| (iv) | परिचालन एवं वाणिज्य विभाग के कर्मचारी A -2 मेडिकल परीक्षा उत्तीर्ण हो। |
| (v) | परिचालन एवं वाणिज्य विभाग के कर्मचारी ( मिनिस्टीरियल संवर्ग को छोड़कर ) लेवल -1( पूर्व में 6 CPC जी.पी.1800) के 03 वर्ष की नियमित सेवा की गणना अधिसूचना के जारी होने की तिथि से की जाएगी। |

**(स) चयन का माध्यम -**

| | |
|---|---|
| (i) | रेलवे बोर्ड के पत्र RBE 196/2018 एवं RBE 05/2024 के निर्देशानुसार प्रश्नपत्र 100% वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय होगा। परीक्षा OMR शीट /CBT पर आधारित होगी एवं कुल अंको का 10% अंक राजभाषा से सम्बंधित होंगे जो वैकल्पिक होगा। |
| (ii) | RBE No.194/2019 के अनुसार एलडीसीई सहित सभी चयनों के लिए प्रत्येक गलत उत्तर हेतु 1/3 नकारात्मक अंकन होगा। |
| (iii) | लिखित परीक्षा की अवधि 02 घण्टे की होगी। |
| (iv) | OMR Sheet पर कटिंग, ओवरराइटिंग, एक से अधिक उत्तरों को चिन्हित करना, मिटाना,Whitener लगाना या OMR Sheet में किसी भी प्रकार के फेरबदल को स्वीकार नहीं किया जायेगा ऐसे सुधार/ओवरराइटिंग के उत्तरों के लिए शून्य अंक या उत्तर पुस्तिका का मुल्यांकन नहीं किया जायेगा। |
| (v) | उक्त चयन हेतु कोई भी पूरक लिखित परीक्षा नहीं होगी। |
| (vi) | लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होने के पश्चात प्राप्त कुल अंको और सेवा रिकॉर्ड के अंको को जोड़कर पैनल का गठन मेरिट के आधार पर किया जायेगा। पैनल में चयनित उम्मीदवारों को गुड्स ट्रेन मैनेजर पद हेतु निर्धारित TP-TI कोर्स के प्रारम्भिक प्रशिक्षण को उत्तीर्ण करना होगा, उसके उपरांत चयनित उम्मीदवार को रिक्तियों की उपलब्धता के आधार |

|  |  |
|---|---|
|  | पर गुड्स ट्रेन मैनेजर के पद के विरुद्ध पदस्थ किया जायेगा। प्रशिक्षण में असफल होने पर उन्हें उनके वापस भेज दिया जायेगा। |
| (vii) | पात्र अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति उम्मीदवारो को चयन पूर्व कोचिंग 3-4 सप्ताह की अवधि के पाठ्यक्रम के अनुसार प्रदान की जायेगी। चयन पूर्व कोचिंग के पूर्ण होने के बाद नियंत्रण अधिकारी द्वारा प्रमाण प जारी किया जाना है ,जिसे इस कार्यालय को भेजा जाना है। यदि किसी कर्मचारी ने चयन पूर्व कोचिंग के लिए अपनी अनिच्छा व्यक्त की है तो इस सम्बन्ध में एक लिखित घोषणा इस कार्यालय को उपलब्ध कराये। |

नोट :-उपरोक्त पद पर चयनित होने वाले रनिंग कर्मचारियों का वेतन निर्धारण रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या E(P&A)II/2022/RS-2 दिनांक 20.02.2023 में दिये गए निर्देशों के अनुसार किया जायेगा।

उपरोक्त पद हेतु पात्रता रखने वाले कर्मचारी संलग्न 'अ' प्रारूप पर आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरकर अपने पर्यवेक्षक के समक्ष दिनांक 14.06.2024 तक जमा करेंगे उसके पश्चात सम्बंधित पर्यवेक्षक आवेदन पत्रों को अग्रसारित करते हुए सम्बंधित नियंत्रक अधिकारी को दिनांक 19.06.2024 तक जमा करेंगे। नियंत्रक अधिकारी सभी आवेदन पत्रों को अग्रसारित करते हुये साथ में डी&एआर/विज.एसपीई क्लीयरेंस के साथ दिनांक 24.06.2024 तक वरि.मंडल कार्मिक अधिकारी कार्यालय के ई-परिचालन रनिंग अनुभाग में जमा करेंगे।

<u>महत्वपूर्ण निर्देश</u> -

1.आवेदन करने वाले कर्मचारी को निर्देश कि वे अपने आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता एवं जाति प्रमाण की स्वप्रमाणित छायाप्रति अवश्य संलग्न करे एवं साथ में आवेदन पत्र पर संलग्न फोटो को अपने वरि. अधीनस्थ से प्रमाणित करवाए।

2.सीधे प्राप्त आवेदन पत्र, प्रमाणपत्रों कि प्रमाणित प्रतियों के बिना/अपूर्ण आवेदन या जो आवेदन पत्र अपेक्षित शर्तों को पूरा नहीं करते, उन पर विचार नहीं किया जाएगा।

3.यदि आपके नियंत्रण में कार्यरत कर्मचारी प्रतिनियुक्ति,अस्थायी आधार पर स्थानान्तरण आदि पर है तो उसे भी इस अधिसूचना के सम्बन्ध में सूचित किया जाना चाहिए।

4.सम्बंधित नियंत्रक पर्यवेक्षक के अधीन यदि कोई पात्र कर्मचारी अवकाश/सिक पर चल रहे हो तो पात्र कर्मचारियों कोअधिसूचना के संदर्भ में सूचित करने कि व्यवस्था करें।

5.उक्त अधिसूचना का विस्तृत प्रचार प्रसार एवं अनुपालन सुनिश्चित करे।

15% सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा (एलडीसीई) पदोन्नति कोटा के द्वारा गुड्स ट्रेन मैनेजर (लेवल-5) पद हेतु आवेदन करने की समयसीमा निम्नवत है –

| आवेदन पत्र सम्बंधित पर्यवेक्षक के अधीन जमा करने की तिथि | सम्बंधित शाखा में आवेदनपत्र जमा की तिथि | कार्मिक शाखा में आवेदन पत्र जमा करने की तिथि | पात्रता सूची जारी करने की संभावित तिथि |
|---|---|---|---|
| 14.06.2024 | 19.06.2024 | 24.06.24 | 05.07.2024 |

संलग्नक :-आवेदन पत्र का प्रारूप 'अ'

16/5/2024
(नितिन सिंह)
सहायक कार्मिक अधिकारी/ ट्रैफिक
उत्तर मध्य रेलवे,प्रयागराज

प्रतिलिपि :

1-मंडल रेल प्रबंधक महोदय को सादर सूचनार्थ।
2-अपर मंडल रेल प्रबंधक/ओ.पी./इन्फ्रा/जी. को सादर सूचनार्थ।
3-वरि.मंडल कार्मिक अधिकारी को सादर सूचनार्थ।
4-वरि.मंडल परि. एंवं वाणिज्य प्रबंधक को सादर सूचनार्थ।
5-मंडल मंत्री,एनसीआरएमयू/एनसीआरईएस को सूचनार्थ।
6-सचिव एससी/एसटी/ओबीसी एसोसिएशन को सूचनार्थ
7-मुख्य कार्यालय अधीक्षक/ई गोपनीय को सूचनार्थ।

ANEXXURE 'अ'

## 15% TQ कोटे की रिक्तियों को भरने के लिए Goods Train Manager वेतनमान 5200-20200 ग्रेड पे.2800(लेवल-5) पद के चयन हेतु आवेदन पत्र

सन्दर्भ :- 561 E-Optg/Rng/GTM/TQ-15%/2024

वरि.अधीनस्थ द्वारा सत्यापित फोटो

1.कर्मचारीकानाम((हिंदीमें) ........................................

2. कर्मचारीकानाम (English Capital Letter )........................................

3.पिता/ पति का नाम........................................

4. वर्तमान पद नाम ........................................

5. वर्तमान लेवल ........................................

6. स्टेशन / वरि.अधीनस्थ ........................................

7.Employee/PFNo..............................Bill Unit..............................

8.HRMS Id........................................

9. जन्मतिथि ........................................

10. प्रथम नियुक्ति तिथि एवं पदनाम ........................................

11. पदोन्नति की तिथि /पदनाम

क- लेवल-1..............................ख -लेवल-2..............................

ग- लेवल-3..............................घ- लेवल-4..............................

12.आयु दिनांक 16.05.2024 को वर्ष....................माह.............दिन....................

13. वर्तमान पद पर नियमित रूप से कार्य करने की तिथि ........................................

14. शैक्षिक योग्यता ( प्रमाण पत्र संलग्न )........................................

15. अ.जा./अ.ज.जा. यदि हो (प्रमाण पत्र संलग्न )........................................

16. नियुक्ति के समय उत्तीर्ण मेडिकल कटेगरी ........................................

17. वर्तमान समय में मेडिकल कटेगरी ........................................

18. अन्य विवरण यदि हो तो ........................................

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त विवरण पूर्णतया सत्य हैं,यदि कोई असत्य विवरण होने पर मेरी पात्रता निरस्त कर मेरे विरुद्ध कार्यवाही कि जाय। मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी।

कर्मचारी के हस्ताक्षर

प्रमाणित किया जाता है कि कर्मचारी द्वारा भरा गया विवरण सत्य हैं।

दिनांक

वरि. अधीनस्थ के हस्ताक्षर

पदनाम/ स्टेशन

(सिर्फ कार्मिक विभाग के उपयोग के लिए )

प्रमाणित किया जाता है कि कर्मचारी द्वारा भरा गया विवरण सही है।